## महत्वपूर्ण एवं खास

### मकान का ताला तोड़कर जेवरात व नगदी चोरी

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** अधिवक्ता प्रबोध कुमार पंडा गढउमरिया में आमापाली रोड किनारे मकान बनाकर परिवार सहित विगत कई वर्षो से निवासरत हैं । दिनांक 04/04/2019 को प्रबोध कुमार पंडा के माता का निधन होने से घर में ताला लगाकर गांव के अंदर पुराने मकान में सभी चले गए थे रात्रि करीब 11 बजे रोड़ किनारे वाले घर में वापस आए तो देखे कोई अज्ञात चोर मकान का ताला तोड़कर मकान अंदर रखे आलमारी से सोने-चांदी के जेवर, नगदी रकम 23000/- रूपये (जुमला 2,08,000/- रूपये) को चोरी कर ले गया था । चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 272/19 धारा 457, 380 आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

### 04 स्थायी वारंट तामिल

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना कोतरारोड़, चक्रधरनगर, घरघोड़ा एवं तमनार में 01-01- स्थायी वारंट की तामिली की गई है । लोकसभा चुनाव जिले में शांतिपूर्ण रूप से सम्पन्न हो इसके लिये पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा थाना/चौकी प्रभारियों को पेट्रोलिंग, वाहनों की चेकिंग, लघु अधिनियम, प्रतिबंधक कार्यवाही अधिक से अधिक करते हुए हॉटल, ढाबा की चेकिंग नियमित रूप से करने एवं असमाजिक तत्वों पर निगाह रखने के निर्देश दिये है । वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर थाना/चौकी में टीम बनाकर स्थायी/गिरफ्तारी वारंट की तामिली में भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है जिससे प्रतिदिन स्थायी/गिरफ्तारी वारंटियों के वारंट तामिल कर वारंटियों को न्यायालय पेश किया जा रहा है । आज तामिली किये गये स्थायी वारंटियों में- (1) राजेश कुमार शाह निवासी किरोडीमलनगर, थाना कोतरारोड़, (2) मदन यादव पिता बाबूलाल यादव 28 साल पतरापाली, थाना चक्रधरनगर, (3) अन्नतराम राठिया पिता श्रीराम राठिया निवासी औराईमुडा थाना तमनार, (4) महिपाल साहू निवासी कसडोल थाना घरघोड़ा शामिल हैं।

### नाबालिग बालिका लापता, मामला दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना धरमजयगढ़ में 15 वर्षीय बालिका के लापता होने की रिपोर्ट बालिका के पिता द्वारा दर्ज कराया गया है । बालिका के पिता ने बताया कि दिनांक 28.03.19 को वे अपने निजी काम से दूसरे शहर गये हुये थे । दिनांक 01.04.19 को इसके छोटे भाई ने बताया कि भतीजी दिनांक 01.04.19 के सुबह करीब 11.00 बजे घर में बिना बताये कहीं चली गई है । तब घर आकर रिस्तेदार, जान परिचित के पास लड़की को खोजबिन किये पता नहीं चलने पर दिनांक 04.04.19 को थाना धरमजयगढ़ में रिपोर्ट दर्ज कराया गया, रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 44/19 धारा 363 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

### शादी का झांसा देकर दुष्कर्म, शिकायत दर्ज

**न्याय साक्षी/रायगढ़।**थाना खरसिया में किराये के मकान में निवासरत युवती आज दिनांक 05.04.19 को थाना खरसिया में अपने परिचित युवक द्वारा शादी का आश्वासन देकर शारीरिक संबंध स्थापित कर अब किसी दूसरी युवती से विवाह करने की रिपोर्ट दर्ज करायी है । युवती बतायी कि खरसिया में किराये मकान पर रहकर काम करती है, उसके पूर्व परिचित युवक ने शादी का प्रलोभन देकर फरवरी 2018 से सितम्बर 2018 तक इसके साथ संबंध में रहा अब किसी दूसरी युवती से विवाह कर रहा है । समाजिक स्तर पर भी लड़के को समझाये किन्तु उसने शादी से इंकार कर दिया । पीडित युवती के लिखित आवेदन पर अप.क्र. 152/19 धारा 376(2)(एन) आईपीसी पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

# एनडीआरएफ एवं एसडीआरएफ द्वारा बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य का मेगा मॉक अभ्यास कार्यक्रम आयोजित

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** एनडीआरएफ अस्टिेन्ट कमांडेट जी.एस.पटेल एवं टीम कमांडेट एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल)श्री विश्वनाथ चौधरी के नेतृत्व में रायगढ़ के कलमा बैराज में आज प्रात: 10 बजे से बाढ़ राहत एवं बचाव कार्य का संयुक्त अभ्यास (मेगा मॉक ड्रिल)किया गया।

अस्टिेन्ट कमांडेट ने कहा कि आज के बदलते परिवेश में बाढ़ की स्थिति से निपटना एक अत्यंत चुनौतीपूर्ण कार्य है। यह और भी महत्वपूर्ण हो जाता है जब वैश्विक मौसम परिवर्तन के कारण अनियंत्रित वर्षा, सुखाड जो मौसम पुर्वानुमान को भी प्रभावित करता है। बाढ़ आपदा से निपटने वाली विभिन्न इकाईयों की तैयारी का जायजा लेने हेतु संयुक्त अभ्यास कराया गया। जिसमें तैयारी, मोचन समन्वय को बेहतर बनाने की दिशा में यह एक कारगर कदम है। इस अभ्यास के दौरान एनडीआरएफ के साथ समस्त मोचन बलों को बाढ़ राहत एवं बचावत कार्य से संबंधित एसओपी को मानसून आगमन से पहले जांच करने के लिए विभिन्न इकाईयों के बीच यह अभ्यास आज जिले में कराया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुखनाथ अहिरवार, डिप्टी कलेक्टर दीपक निकुंज, डिप्टी कलेक्टर ए.के.सोम, बीएमओ डॉ.अवधेश पाणिग्राही, डिस्ट्रीक कमांडेट बी.कुजूर, फूड इंस्पेक्टर राजन कश्यप, तहसीलदार बरमकेला राकेश कुमार वर्मा, तहसीलदार सारंगढ़ प्रकाश चंद साहू, नायब तहसीलदार विक्रांत सिंह रात्रे, मनोज अनंत आदि उपस्थित थे।



बाढ़ राहत एवं बचाव के संबंध में एप परिदृश्य तैयार किया गया। जिसमें हसदेव बागो डेम कोरबा से अचानक पानी छोडने् के कारण कलमा बैराज में बाढ़ की स्थिति उत्पन्न हो गई जिसके कारण पहले से कुछ गांव वाले, जो वहां स्नान कर रहे थे। वे उस बाढ़ में फंस गए। उन्हें बचाने के लिए तत्काल गांव वालों के द्वारा प्रयास किया गया तथा इसकी सूचना पुलिस नियंत्रण कक्ष को दी गई एवं पुलिस द्वारा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ को सूचित किया। एनडीआरएफ तत्काल घटना स्थल पर पहुंची एवं बचाव कार्य प्रारंभ किया एवं गांव वालों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। पुलिस, एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, नगर सेना व अन्य बचाव दलों द्वारा डिपडाइविंग उपकरणों एवं बाढ़ राहत बचाव उपकरणों कि मदद से लोगों को किनारे तक लाया जाता है। प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा जांच हेतु अस्पताल भेजा जाता है। इस संयुक्त अभ्यास में एनडीआरएफ (राष्ट्रीय आपदा मोचन बल), एसडीआरएफ (आपदा मोचन बल), स्थानीय पुलिस, नगर सेना एवं अन्य इकाईयों ने भाग लिया।

## ट्रक चालक के रूपये व मोबाईल चोरी करने वाले 03 आरोपी गिरफ्तार

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल अन्तर्गत ट्रांसपोटनगर स्थित न्यू बंगाल बिहार रोडवेज ट्रांसपोर्ट कम्पनी की ट्रक क्रं. ष्टत्र 13 रु5999 का चालक झुलन सिंह दिनांक 03.04.2019 को झुलन सिंह नलवा से माल खाली कर रात्रि करीब 02:00 बजे ट्रक लेकर ट्रांसपोर्टनगर आया और ट्रक के केबिन में सो रहा था कि रात्रि करीब 02.00 बजे दो लड़के ट्रक के केबिन में चढकर झुलन सिंह की एक टच स्क्रीन मोबाईल और पर्स को चोरी कर भाग रहे थे जिन्हें दुसरे ट्रक के खलासी ने पहचान लिया । अगले दिन ट्रक के चालक झुलन िसंह ने घटना की जानकारी ट्रांसपोर्ट के मैनेजर राजेश कुमार जांगडे दिया और पुलिस चौकी जूटमिल में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराये, रिपोर्ट पर अप.क्र. 271/19 धारा 379,34 ता.हि. का अपराध नरेन्द्र कुमार यादव अन्य के विरूद्ध पंजीबद्ध किया गया था , विवेचना दरम्यान आज 03 आरोपी - नरेन्द्र यादव,



मिथुन, किशन महानंद को गिरफ्तार किया गया है जिसके पास से 5,000 रूपये नगद एवं एक मोबाईल जप्त किया गया है।

## कोल स्टाक से कोयला चोरी करते 02 चोर पकड़ाये

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना घरघोड़ा अन्तर्गत स्थित SECL बरौद में कार्यरत सिक्युरिटी आफिसर द्वारा दिनांक 06.04.19 को थाना घरघोड़ा में बरौद खदान के कोल स्टाक से ट्रेलर वाहन में डोजर के जरिये कोयला लोड़ कर चोरी कर ले जाने की फराक में रहे, दो व्यक्तियों को ड्युटी में तैनात सुरक्षा प्रहरी एवं सुरक्षा प्रभारी ने पकड़े जाने की रिपोर्ट दर्ज कराया । सिक्युरिटी आफिसर रमेश दास महंत ने बताया कि दिनांक 06/04/2019 के रात्रि करीब 01:00 बजे बरौद खदान के कोल स्टाक से 35160 टन कोयला कीमती 60,000 रूपये को ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 जेसी 9516 में लोडर आशिष कुमार चन्द्रवंशी एवं खलासी कृष्णा कुमार यादव मिलकर लोड करा रहे थे जिसे सुरक्षा स्टाफ ने पकड़ा ।

## ग्राम मिलूपारा में हमर गांव, हमर पुलिस का आयोजन

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** थाना तमनार अंतर्गत ग्राम मिलूपारा में हमर गावँ हमर पुलिस के तहत चलित थाना का आयोजन थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक विवेक पाटले व स्टाफ द्वारा किया गया ।



कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को थाना प्रभारी निरीक्षक पाटले द्वारा आधार कार्ड संबंधी, गुम बच्चों के मिलने, मानव तस्करी, प्लेसमेंट एजेंसी, चिटफंड कम्पनी, फर्जी बैंक काल, (एटीएम) संबधी जानकारी, MONEY PHISHING संबंधी, फर्जी ज़मीन दलाल, फर्जी पुलिस, गांव में घुमनें वालें फेरीवालें, सोने चाँद साफ़ करने वाले आदि से बचने के सम्बन्ध में बताया गया । साथ ही ग्रामीणों आगाह किया गया की अगर कोई संदिग्ध व्यक्ति या गिरोह गावँ में दिखे तो थाने में सुचना दे । थाना प्रभारी ने उपस्थित लोगों को गाडी(दोपहिया वाहन) चलाते समय हेलमेट का उपयोग, बिना लायसेंस , एवं बिना वाहन बीमा की गाडी न चलाने के विषय बताया गया एवं लोंगों के द्वारा उनकी सामाजिक एवं आम समस्यायों कों अपनें संज्ञान में लिया गया ।

## धारधार हथियार के साथ युवक पकड़ाया

**न्याय साक्षी/रायगढ़।** पुलिस चौकी जूटमिल में कार्यरत सउनि झामलाल मार्को दिनांक 05.04.19 को हमराह स्टाफ आरक्षक शिवचरण उरांव व शैलेन्द्र पैंकरा के साथ मुखबिर सूचना पर मिनी माता चौक रायगढ के पास अविनाश उर्फ मिथुन चौहान पिता स्व. टारजन चौहान उम्र 23 वर्ष सा. कोसमपुरी थाना भठली जिला बरगढ उड़िसा हा.मु. इंदिरा नगर गंगाराम तालाब दयाराम धुर्वे के मकान पास वार्ड नं. 05 थाना सिटी कोतवाली रायगढ़ को लोहे का धारदार कत्तानुमा चाकु के साथ पकड़े ।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य बिन्दु

पीड़ित संपर्क करें

अन्य बिन्दु

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU








तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की

खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग. संपर्क करें मो.नं. 9039961090



स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480